# समाचार

## निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



कोरबा 31 अक्टूबर 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करने का संकल्प दोहराया।

लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने इस मौके पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा शपथ लेते हुए कहा कि हम राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे। हम यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहे हैं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। अधिकारी कर्मचारियों ने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प लिया।